कार्यालयः महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।

संख्याः—एमई—3 / डीएमएमसीएच / 2015 / 2216 लखनऊःदिनांकः 06जुलाई, 2015

आल इण्डिया डी0एम0 / एम0सी0एच0—2015 की प्रथम काउंसिलिंग की सूचना

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा दिनांक—11 जून, 2015 को सम्पन्न आल इण्डिया डी0एम0 / एम0सी0ए0 प्रवेश परीक्षा—2015 में चयनित अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम / कालेज आवंटन हेतु काउंसिलिंग **दिनांक—10 जुलाई, 2015 को प्रातः 10:00 बजे से चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय, छठा तल—जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ** में आयोजित की गयी है।

काउंसिलिंग सम्बन्धी विवरण निम्नवत् हैः—

क्रमांक	पाठ्यक्रम	तिथि एवं समय	आमंत्रित अभ्यर्थी, मेरिट वाइज
	डी0 एम0 पाठ्यक्रम	**दिनांक—10 जुलाई, 2015 को प्रातः 10.00 बजे से**	
1	डी0एम0कार्डियोलॉजी		1 से 32
2	डी0एम0न्यूरोलॉजी		1 से 18
3	डी0एम0इन्डोकाइनोलॉजी		1 से 6
4	डी0एम0 जीरियाट्रिक्स मेन्टल हेल्थ		1 से 4
5	डी0एम0 गैस्ट्रोइन्ट्रोलॉजी		1 से 6
6	डी0एम0 र्यूमोटोलॉजी		1 से 6
	एम0सी0एच0 पाठ्यक्रम	**मध्याह्न 01:30 बजे से**	
7	एम0सी0एच0 न्यूरोसर्जरी		1 से 12
8	एम0सी0एच0 प्लोस्टिक सर्जरी		1 से 12
9	एम0सी0एच0 सी0टी0वी0एस0		1 से 20
10	एम0सी0एच0 पीडियाट्रिक सर्जरी		1 से 12
11	एम0सी0एच सर्जिकल गैस्ट्रोएन्ट्रोलॉजी		1 से 6
12	एम0सी0एच0 सर्जिकल अंकोलॉजी		1 से 12
13	एम0सी0एच0 यूरोलॉजी		1 से 18

आमंत्रित अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वह अपने डी0एम0 / एम0सी0एच0 प्रवेश परीक्षा —2015 हेतु निर्गत् प्रवेश पत्र, पहचानपत्र, सभी मूल शैक्षिक अभिलेख / प्रमाणपत्र (जैसा कि प्रवेश परीक्षा के ब्रोशर में उल्लिखित है) एवं उनकी एक—एक छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर काउंसिलिंग हेतु उपस्थित हों। अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के समय **काउंसिलिंग फीस के रूप में रू0 1000 / — तथा सिक्योरिटी धनराशि के रूप में रू0 30,000 / —का बैंक ड्राफ्ट जो कि महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0,** लखनऊ (DGME, U.P.) के पक्ष में देय हो, प्रस्तुत करना होगा।

अपर निदेशक
चिकित्सा शिक्षा

संख्याः—एमई—3 / 2015 / 2217—21 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग—2.

2— कुल सचिव, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।

3— अधिष्ठाता, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ, प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कानपुर, मेरठ एवं इलाहाबाद तथा निदेशक, हृदय रोग संस्थान, कानपुर एवं निदेशक, डा0आर0एम0एल0 इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त तिथि, स्थान एवं समय पर प्रवेश समिति के सदस्य के रूप में उपस्थित होकर काउंसिलिंग के दौरान तथा आवश्यक विचार—विमर्श हेतु प्रातः 10:00 बजे आयोजित काउंसिलिंग पूर्व बैठक में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करने का कष्ट करें। साथ आपके कालेज / विश्वविद्यालय / संस्थान में उपलब्ध / अनुमत सीटों की अद्यतन सूचना भी साथ लाने का कष्ट करें।

4— प्रो0 गिरीश चन्द्र, चीफ कोआर्डीनेटर, आल इण्डिया डी0एम0 / एम0सी0एच0 प्रवेश परीक्षा,—2015, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि डी0एम0 / एम0सी0एच0—2015 प्रवेश परीक्षा परिणाम सहित उपरोक्त सूचना को चिकित्सा विश्वविद्यालय की **वेबसाइट** पर तत्काल प्रदर्शित कराने का कष्ट करें। साथ ही प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित आवश्यक अभिलेख, ओ0एम0आर0 शीट इत्यादि काउंसिलिंग के समय उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

5— प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, मेरठ, झॉसी एवं गोरखपुर तथा निदेशक, यू0पी0रिम्स,सैफई, इटावा को सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वह इस सूचना को अपने मेडिकल कालेज की नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।

अपर निदेशक
चिकित्सा शिक्षा

कार्यालयः महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।

संख्याः—एमई—3/डीएमएमसीएच/2015/2214 लखनऊःदिनांकः 06 जुलाई, 2015

आल इण्डिया डी0एम0/एम0सी0एच0—2015 की प्रथम काउंसिलिंग की सूचना

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा दिनांक— 11 जून, 2015 को सम्पन्न आल इण्डिया डी0एम0/एम0सी0एच0 प्रवेश परीक्षा—2015 में चयनित अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम/कालेज आवंटन हेतु प्रथम काउंसिलिंग दिनांक—10 जुलाई, 2015 को प्रातः 10:00 बजे से चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय, छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ में आयोजित की गयी है। विस्तृत सूचना इस महानिदेशालय की वेबसाइट www.updgme.in, तथा किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ की www.kgmcindia.edu व www.kgmu.org पर प्रदर्शित है।

अपर निदेशक
चिकित्सा शिक्षा